जागरुकता: जीएसटी में टीडीएस कटौती पर दी जानकारी

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

देहरादून। वाणिज्य कर विभाग ने बुधवार को कार्यशाला का आयोजन कर जीएसटी पर कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला की अध्यक्षता राज्य कर आयुक्त श्रीधर बाबू अद्दांकी ने की। इस दौरान पॉवर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से अपर आयुक्त (लेखा) गंगा प्रसाद ने जीएसटी के अन्तर्गत संविदा विभागों के पंजीयन एवं टीडीएस कटौती से संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों, वित्त नियंत्रकों एवं विभागों के आहरण वितरण अधिकारियों ने प्रतिभाग किया गया। जीएसटी पोर्टल पर चालान जनरेशन, भुगतान एवं टीडीएस सम्बन्धी रिटर्न फाइलिंग के प्रावधानों, सम्बन्धित शास्तियों एवं जीएसटी के अन्य विधिक प्रावधानों से एडिशन कमिश्नर पीयूष कुमार ने जानकारी दी। राज्य कर आयुक्त श्रीधर बाबू अद्दांकी एवं एडिशनल कमिश्नर विपिन चन्द्र ने विभागों के उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों एवं शंकाओं का समाधान किया गया। कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों को टीडीएस कटौती सम्बन्धी जानकारियों की लिखित सामग्री एवं फोल्डर उपलब्ध कराये गये।

जौलीग्रांट के आर्यन का अंडर-16 क्रिकेट के लिए चयन

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

डोईवाला। जौलीग्रांट के होनहार युवा आर्यन शर्मा का अंडर -16 कैंप के लिए चयन किया गया है। आर्यन शर्मा पुत्र प्रमोद शर्मा मूल निवासी जौलीग्रांट हाल निवासी बसंत बिहार देहरादून का जूनियर राष्ट्रीय चयन समिति द्वारा अंडर-16 कैंप के लिए चयन किया गया है।

यह कैंप बंगलुरू में 21 अगस्त से 13 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। क्रिकेट के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर आर्यन का चयन होने से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। लगभग तीन माह पहले उन्हे सेंट्रल जोन का कैप्टन बनाया गया था। भारत में पांच जोन बनाए गए हैं। और सेंटर जोन में यूपी, एमपी, विदर्भ,

क्रिकेट में चयनित आर्यन

राजस्थान, छत्तीसगढ़ आदि की टीमों को रखा गया है। आर्यन शर्मा ने उत्तरांचलदीप से खास बातचीत में बताया कि इससे पहले वो 2015-16 में यूपी क्रिकेट टीम के कप्तान रहे हैं। उसके बाद उन्हे सेंटल जोन की कमान सौंपी गई थी। और अब अंडर-16 क्रिकेट कैंप के लिए उनका चयन किया गया है। देश के टॉप 75 खिलाड़ियों में से 25 खिलाड़ियों को अंडर-16 कैंप के लिए चुना गया है। आर्यन ने कहा कि अंडर-16 कैंप में 25 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा और इसमें से 15 खिलाड़ियों का चयन अंडर-19 क्रिकेट टीम के लिए किया जाएगा। आर्यन के पिता विदेश में प्राईवेट जॉब करते हैं। और माता सुषमा शर्मा गृहणी है। आर्यन के दादा हरिकृष्ण शर्मा जौलीग्रांट के जाने-माने किसान हैं। पूर्व प्रधान सरिता पुण्डीर और भाजपा नेता राजकुमार पुण्डीर ने कहा कि आर्यन ने गांव का नाम रोशन किया है।

सम्मान

- राष्ट्रीय स्तर पर पहुंची गांव की प्रतिभा

मुख्यमंत्री ने किया था सम्मानित

सेंट्रल जोन में चयन होने के बाद आर्यन का मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने सीएम आवास पर आर्यन को सम्मानित किया था। राजकुमार पुण्डीर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने होनहार प्रतिभा को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

रात को चोर समेट ले गये दो घरों से सामान

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

कलियर। मंगलवार की देर रात जिस समय घर के लोग सोये हुए थे, उसी समय घर के अंदर घुसे अज्ञात बदमाशों ने कलियर निवासी ठेकेदार तस्लीम के मकान को खंगालने के साथ ही उसके घर से सटे उसी के भाई नईम के मकान में भी घुसकर कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। सुबह परिवार के लोगों की आंख खुली तो घर का सामान बिखरा देख भौंचक्के रह गये। दोनो घरों से कीमती सामान गायब था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घरों का मौका मुआयना किया। कलियर गांव निवासी तस्लीम उर्फ पप्पू सड़क बनाने के ठेके लेता है। तस्लीम के बराबर में ही उसके भाई नईम का मकान है। नईम कलियर में चाय की दुकान करता है। बुधवार की रात को तस्लीम परिजनों के साथ घर के आंगन में सोया था। जबकि कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। देर रात को किसी समय चोर दीवार फांदकर मकान के अंदर दखिल हो गए। चोरों ने कमरे में घुसकर आलमारी से 75 हजार की नकदी साफ कर दी। माल समेटने के बाद चोर यहां से सीढ़ियों के रास्ते छत पर पहुंचे। छत के रास्ते से आरोपी उसके भाई नईम के घर में आ धमके। चोरों ने 15 सौ की नकदी, कानों की झुमकी, अंगूठी और अन्य सामान समेट लिया।

हीलाहवाली: पुलिस अंधेरे में मार रही हाथ पैर

रुड़की। कलियर में ट्रैक्टर चालक से नकदी और ट्रैक्टर-ट्राली तथा बुग्गावाला क्षेत्र में मोबाइल कंपनी के कर्मचारी से 40 हजार की लूट करने वाले बदमाशों का अभी तक सुराग नहीं लग पाया है। हालांकि पुलिस ने लूट के मामले दर्ज कर लिए हैं लेकिन अभी तक पुलिस अंधेरे में ही हाथ पैर मारने में लगी है। भगवानपुर क्षेत्र के टकाभेरी गांव निवासी जाहिद पुत्र शाहिद से कार सवार बदमाशों ने सोमवार की रात को मेहवड़ के पास नहर पटरी पर बंधक बनाकर 86 हजार रुपये की नकदी और ट्रेक्टर ट्राली लूट ली थी। इसके बाद बदमाश उसे कार में डालकर मोहम्मदपुर पांडा गांव के जंगल में स्थित एक मकान मे फेंक कर फरार हो गए थे। घटना से हड़कंप मच गया था। वहीं मंगलवार की दोपहर को मोबाइल कंपनी के कर्मचारी सुमित निवासी छुटमलपुर से नकाबपोश बाइक सवार बदमाशों ने तमंचे के बल पर बिहारीगढ़-बंजारेवाला मार्ग पर 40 हजार की नकदी और रिचार्ज कूपन लूट लिए थे। बदमाश धमकी देते हुए उसकी बाइक की चाबी लेकर फरार हो गए थे। इन दोनों घटनाओं का पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है लेकिन अभी तक पुलिस इस वारदात में शामिल बदमाशों को चिन्हित नहीं कर पाई है।

निरीक्षण/ टैंक के चारों और जमी है काई ओर गंदगी

जलसंस्थान के टैंक में मिली खामियां

अनदेखी

- 80 लाख की लागत से लगा फिल्टर नहीं कर रहा सही काम
- संबंधित जेई और देखरेख करने वाले कर्मचारी से डीएम ने मांगा स्पष्टीकरण

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

जल संस्थान के टैंक का निरीक्षण करते जिलाधिकारी मंगेश घिल्ड़ियाल

रुद्रप्रयाग। रुद्रप्रयाग नगरवासी शुद्ध पानी नहीं पी रहे हैं। 80 लाख की लागत से फिल्टर लगा होने के बावजूद भी दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है। जिस टैंक से पानी की आपूर्ति हो रही है। उसमें काई जमी हुई है। स्थिति यह है कि कभी-कभार ही फिल्टर चलता हैं। टैंक के चारों ओर गंदगी फैली हुई है। ऐसे में दूषित पानी पीने से महामारी होने का खतरा बना हुआ है।

रुद्रप्रयाग नगर को पेयजल आपूर्ति करने वाला पानी का टैंक खुद बीमारी की हालात में है। टैंक की स्थिति देखकर नहीं लगता है कि इसकी वर्षों से सफाई होगी। टैंक के चारों और काई जमी हुई है। 80 लाख की लागत से शुद्ध पानी की सप्लाई के लिये फिल्टर लगा होने के बावजूद भी पेयजल लाइनों से सांप और कीड़े निकल रहे हैं। टैंक चारों से खुला हुआ है। ऐसे में गंदगी भी टैंक में खुले आम गिर रही है। हालांकि विभाग का कहना है कि टैंक की सफाई और देख-रेख के लिये कर्मचारी की नियुक्ति की गई है, लेकिन टैंक की स्थिति देखकर नहीं लगता है कि कोई कर्मचारी यहां रहता होगा।

जिलाधिकारी मंगेश घिल्डियाल ने टैंक का स्थलीय निरीक्षक करते हुये जल संस्थान के अधिकारियों को कटी फटकार लगाई है। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने संबंधित जेई और टैंक की देख-रेख करने वाले कर्मचारी का स्पष्टीकरण मांगा है साथ ही स्वास्थ्य विभाग को पानी के सैंपल लेने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी मंगेश घिल्डियाल ने कहा कि टैंक की बेहद दयनीय स्थिति में है। सफाई न होने के कारण टैंक का पानी पीने योग्य नहीं है। पानी सही तरीके से फिल्टर नहीं हो पा रहा है। जिस कारण नगर में खराब पानी की आपूर्ति हो रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि जल संस्थान की घोर लापरवाही सामने आ रही है। लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जल संस्थान को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं। टैंक की सफाई करने को कहा गया है। साथ ही अब जल संस्थान एक कर्मचारी हमेशा यही रहकर टैंक की सफाई करेगा।

बैठक: दुग्ध संघों को घाटे से उबारने की कवायद तेज

देहरादून। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ धन सिंह रावत ने बुधवार को सचिवालय में डेयरी विकास विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में राज्य मंत्री ने जनपदवार दुग्ध संघों को घाटे से उबारने के लिए स्पष्ट नीति बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए। इसके तहत प्रदेश में गठित दुग्ध सहकारी समितियों के सचिवों को 50 पैसे प्रति लीटर का मानदेय देने, नेशनल हाईवे पर स्थित ऐसी दुग्ध सहकारी समितियां जिनके पास खाली जमीन है उस पर पेट्रोल पंप स्थापित करने, दुग्ध उत्पादन बढाने वाले पशु आहार को अमल में लाने, सहकारी समितियों से जुड़े दुग्ध उत्पादकों को 4 रुपये प्रति लीटर की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने, दुग्ध के अनावश्यक लिकेज रोकने पर कार्य करने, घाटे में चल रहे दुग्ध संघो के कार्मिकों को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का विकल्प देने तथा प्रत्येक ब्लाक में एक आदर्श डेयरी स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू करने पर सहमति बनी। बैठक में राज्य मंत्री ने दुग्ध संघों के अध्यक्ष के रूप में निदेशक को नामित करने के लिए एक्ट में संशोधन के लिए प्रस्ताव प्रेषित करने, पशु आहार फैक्ट्री का आधुनिकीकरण करने, देहरादून में नई दुग्धशाला स्थापित करने, घाटे में चल रहे जनपदों के दुग्ध समूहों को लक्ष्य तय करने तथा उस पर कार्य करते हुए एक वर्ष के भीतर लाभ की स्थिति में लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में सचिव डेयरी आर मीनाक्षी सुन्दरम, अपर सचिव बीएम मिश्रा, निदेशक डेरी विकास विभाग आनन्द स्वरूप, अध्यक्ष उत्तरखंड सहकारी डेयरी फेडरेशन राजवीर सिंह आदि भी मौजूद रहे।

पीएम को मदन कौशिक ने भेंट किया गंगाजल

देहरादून। शासकीय प्रवक्ता व कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने बुधवार को संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में विकासात्मक प्रगति की जानकारी देते हुए अवस्थापना विकास, स्वच्छता कार्यक्रम के बारे में विशेष रूप में जानकारी दी। इस मौके पर उन्होंने देवभूमि का गंगा जल प्रधानमंत्री को भेंट स्वरूप दिया। चर्चा के दौरान प्रदेश में चल रहे स्वच्छ भारत अभियान, नगर विकास के लिए सॉलिड वेस्ट, सीवरेज व पेयजल क्षेत्र में किये गये कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने प्रदेश के कुंभ मेला-2021 के तैयारियों के सम्बन्ध में और सफल कावंड मेला के प्रबन्धकीय स्वरूप के बारे में भी बताया।

सरस्वती विद्या मन्दिर के छात्रों ने दी रूबेला वायरस से बचाव की जानकारी

रुड़की। आनन्द स्वरुप आर्य सरस्वती विद्या मन्दिर में छात्र-छात्राओं को रुबेला वायरस से बचाव, सावधानी एवं उपचार के प्रति जागरुक किया गया। मौसम परिवर्तन, जल भराव एवं बारिश से जमा पानी में विषैले एवं हानिकारक बैक्टरिया से बचाव के प्रति भी जागरुक किया गया। विद्यालय के आचार्य आशुतोष शर्मा ने छात्र-छात्राओं को रुबेला वायरस के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि यह वायरस द्वारा उत्पन होने वाला रोग है, जो संक्रमित व्यक्ति द्वारा खांसने व छींकने पर हवा द्वारा लाए गए कणों से फैलता है। यह व्यक्ति द्वारा उपयोग में लाए गए वस्तुओं के प्रयोग से भी फैलता है। इसे जर्मन मीसल्स भी कहा जाता है। इस रोग के होने से शरीर पर हल्के लाल या गुलाबी रंग के घाव हो जाते हैं। यह लसिका ग्रंथियों और त्वचा को प्रभावित करता है। रुबेला वायरस से पीड़ित व्यक्ति को पूर्ण आराम और अधिक मात्रा में पानी लेने की आवश्यकता होती है। साथ ही घाव या खुजली होने पर कैलामिन लोशन लगाया जाता है। एमएमआर और एमएमआरवी के टीके द्वारा रुबेला वायरस से बचा जा सकता है।

आये दिन हो रही एटीएम ठगी, नहीं है सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

रुड़की। नगर में बैंको द्वारा लगाये गये एटीएम रामभरोसे है। कई एटीएम में सीसीटीवी कैमरे तक नहीं लगाये गये हैं। प्रतिदिन आ रही एटीएम ठगी की शिकायतों के बावजूद बैंक इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे है। पुलिस भी बैंक अधिकारियों के साथ सुरक्षा के मद्देनजर दिशा निर्देश देकर पल्ला झाड़ रही है। ऐसे में साइबर ठगों पर शिकंजा पुलिस कस पायेगी, ऐसा नामुमकिन है।

जनपद में आये दिन हो रही साइबर ठगी की शिकायत बढ़ती जा रही है। पुलिस साइबर ठगों पर शिकंजा कसने के नित नये तरीके खोज रही है। गत मंगलवार को सिविल लाईन कोतवाली पुलिस ने बैंक अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान साइबर ठगों पर शिकंजा कसने के लिए सुझाव के साथ ही पुलिस ने बैंक अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। यह कोई पहला मौका नही है, जब पुलिस ने बैंक अधिकारियों के साथ बैठक की हो, बुधवार को भी गंगनहर पुलिस ने बैंक अधिकारियों की बैठक ली, जिसमें एटीएम सुरक्षा के संबंध में जानकारी लेने पर पता चला कि क्षेत्र के लगभग 24 एटीएम में से 12 एटीएम में सुरक्षाकर्मी ही तैनात नहीं है। पुलिस इस बाबत कहती है कि साइबर ठगी के मामले जहां-जहां आये है, उन एटीएम मशीनों पर नजर रखी जा रही है। लेकिन सवाल यह है कि जब एटीएम में सीसीटीवी कैमरे नहीं होगे तो ठगों को कैसे चिन्हित किया जायेगा। पुलिस कहती है कि बैंक अधिकारियों को एटीएम के बाहर सुरक्षाकर्मी के अलावा सीसीटीवी कैमरे लगाने को कहा गया है। इस दौरान मनीष पुरोहित, संजय कुमार, राजेंद्र कुमार, तिलकराज कपूर, दीपक भट्ट, रविंद्र कुमार आदि बैंक अधिकारी मौजूद रहे।

संजय चोपड़ा बने मण्डी समिति चेयरमैन

हरिद्वार। मण्डी समिति चेयरमैन का पद संजय चोपड़ा ने बुधवार को ग्रहण किया। प्रभारी सचिव राज सिंह एवं समस्त मण्डी कर्मचारियों की उपस्थिति में पद ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मण्डी समिति चेयरमैन संजय चोपड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकासवादी सोच को मण्डियों के माध्यम से प्रचारित प्रसारित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत, कृषि मंत्री उत्तराखण्ड सुबोध उनियाल एवं वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ हरक सिंह रावत का आभारी हूं। राज्य सरकार व केन्द्र सरकार की कृषक कल्याणकारी योजनाओं को कृषकों तक पहुंचाना व आम उपभोक्ताओं को फल, सब्जी, फल इत्यादि सस्ते दामों पर उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता होगी। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को मण्डियों से जोड़ने के प्रयासों को भी तेज किया जायेगा। मण्डियां किसानों को उचित लाभ दिलाने के प्रयास लगातार करती चली आ रही है। किसी भी रूप में किसानों का अहित नहीं होने दिया जायेगा। मण्डी को हाईटैक करने के प्रयास और तेज किये जायेंगे। पद ग्रहण कार्यक्रम में मण्डी के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उन्हें पद ग्रहण करने पर शुभकामनायें दी। लघु व्यापारियों ने जमकर खुशी मनाते हुए पद ग्रहण करने पर संजय चोपड़ा का फूल मालायें पहनाकर जोरदार स्वागत किया। प्रभारी सचिव राज सिंह ने कहा कि निश्चित तौर पर मण्डी का विकास होगा सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार तेजी से किया जाना चाहिये। जिससे कृषकों को भी लाभ मिल सकेगा। उपभोक्ताओं की समस्याओं को ध्यान में रखकर बेहतर फल सब्जी उपभोक्ताओं तक पहुंचे हमारे यही प्रयास रहते हैं। कृषि मंत्री सुबोध उनियाल राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं को मण्डियों में संचालित करने में अपना सहयोग प्रदान करते चले आ रहे है।

अतिया का अफसर बनने पर सम्मान

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

हरिद्वार। पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली ज्वालापुर अहबाबनगर निवासी अतिया परवेज का जिला पंचायत उपाध्यक्ष राव आफाक अली और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नईम कुरैशी ने उनके आवास पर पहुंचकर अतिया परवेज का सम्मान किया। अतिया ने पीसीएस में खण्ड विकास अधिकारी के रूप में 22 वें नम्बर पर बाजी मारी। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष राव आफाक अली ने कहा कि जाति धर्म का भेद योग्यताओं को नहीं रोक सकता, प्रतिभायें अपना लोहा मनवाती है। ज्वालापुर हरिद्वार की बेटी ने अधिकारी बनकर अपने माता-पिता का मान तो बढ़ाया ही है साथ ही ज्वालापुर हरिद्वार नगरी वासियों को भी सम्मान दिलाया उन्होंने कहा कि अच्छी प्रतिभायें अपने जीवन में अवश्य नाम रोशन करती हैं। कड़ी मेहनत व लगन से ही मुकाम मिलते हैं। उन्होंने उनके पिता मौहम्मद इकबाल एवं माता स्वेलहा शराफत की कोशिशों से ही बिटिया अफसर बन पाई है। हमें बेटियों को अच्छी तालीम देनी चाहिये जिससे वह तरक्की कर अपने जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने पूरे परिवार को शुभकामनायें दी। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हाजी नईम कुरैशी ने कहा कि मुस्लिम समाज को अपनी बेटियों की शिक्षा के प्रति जागरूक रहना चाहिये किसी भी रूप में बेटियों की परवरिश किसी भी प्रकार की कोताही नहीं करनी चाहिये।

बेटा-बेटी दोनों को ही एक समान समझना चाहिये। अच्छी तालीम से ही बच्चों का भविष्य उज्जवल होता है। उन्होंने कहा कि अहबाब नगर क्षेत्र के लोगों में हर्ष का माहौल बना हुआ है। अतिया परवेज ने अधिकारी के रूप में हरिद्वार का मान बढ़ाया है।

सेक्स रैकेट में पकड़े गये आरोपियों को जेल

मंगलौर। मंगलौर के मौहल्ला पठानपुरा में देर शाम पकड़े गये सेक्स रैकेट में पकड़ी गई युवती का दंपती ने फर्जी गोदनामा तैयार किया था। पुलिस ने उसकी असली मां और गोद लेने वाली दोनों को ही गिरफ्तार किया है। वहीं इस मामले के सभी आरोपियों के बुधवार को चालान कर दिये। मंगलौर के मोहल्ला पठानपुरा में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल ने छापा मारकर तीन महिला समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। सेल की प्रभारी साधना त्यागी के अनुसार पठानपुरा से पकड़े गये दपंती में से खलील अहमद अक्सर कलियर जाता था। यहां पर उसकी मुलाकात एक महिला से हो गई थी।

महिला का पति आठ साल पहले मर चुका था। पांच साल पहले खलील ने उसकी बेटी का एक फर्जी गोदनामा तैयार किया। यह गोदनामा कहीं पर रजिस्टर्ड नहीं है। इसके बाद उससे देह व्यापार कराया जा रहा था। मंगलवार को युवती की असली मां भी आई हुई थी। उसे भी गिरफ्तार किया गया। वहीं मंगलौर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया। यहां से उसे 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में रुड़की उप कारागार भेज दिया है।

फर्जीवाड़ा/ बेरोजगारों को दिखाये जा रहे सब्जबाग

विदेश में नौकरी के नाम पर 14 युवकों से ठगे पांच लाख

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

मंगलौर। विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर मंगलौर के टांडा गांव के 14 युवकों से एक ठग ने 5 लाख रुपये ठग लिये। युवकों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से शिकायत की है। वहीं पुलिस ने मामला दिल्ली का बताते हुये वहीं पर शिकायत करने की सलाह युवकों को दी है।

मंगलौर कोतवाली टांडा गांव निवासी फुरकान, सरफराज, सुल्तान, समीर, नदीम, आरिफ, आदिल, शहबाज, आकिब, तस्लीम, खलील ,नौमान, शाहरुख, सलमान बुधवार को मंगलौर कोतवाली पहुंचे। उन्होंने पुलिस को बताया कि तीन माह पहले भनेड़ा गांव के एक व्यक्ति ने उन्हें बताया कि तीस हजार रुपये में उन्हें वह विदेश भेज देगा। सऊदी में उनकी अच्छी नौकरी लग जाएगी। इसके बाद उक्त व्यक्ति ने उन्हें सहारनपुर जिले के फुलासी गांव निवासी एक व्यक्ति से दिल्ली में मिलवाया। इस व्यक्ति ने बताया कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। केवल एक माह में ही वह सभी को विदेश भेज देगा। इसके एवज में तीस-तीस हजार रुपये और मेडिकल सर्टिफिकेट के साढ़े चार हजार रुपये जमा कराने होंगे।

युवकों ने भरोसा कर आरोपी को कुल पांच लाख रुपये दे दिये। आरोपी ने उन्हें जुलाई में विदेश भेजने की बात कही। साथ ही उन्हें हवाई जहाज का एक-एक टिकट थमा दिया। तारीख नजदीक आने पर जब युवकों ने उससे विदेश भेजने को कहा तो वह टरकाने लगा। कभी कुछ बहाना बना दे रहा है तो कभी कुछ। युवकों ने पुलिस ने गुहार लगाई कि उनके रुपये को वापस दिलवाया जाएं। एसएसआइ अजय कुमार ने बताया कि लेनदेन दिल्ली मे हुआ है। इसलिये युवकों को बताया गया है कि वह दिल्ली में जाकर पुलिस से शिकायत करें।

पतंजलि में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

रुड़की। पतंजलि कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर हजारों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। ठगी के शिकार युवकों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। देहरादून के खुड़बुड़ा मोहल्ला निवासी मोहित और भूपेंद्र एवं धर्मेंद्र निवासी जसपुर उधमसिंह नगर ने करीब 20 दिन पहले एक समाचार पत्र में विज्ञापन देखा था। जिसमें बड़ी कंपनी में नौकरी दिलाने की बात कही गयी थी। विज्ञापन में दिए गए फोन नंबर पर जब बात की तो उन्हें दिल्ली बुलाया गया। जिस पर तीनों युवक शास्त्रीनगर दिल्ली पहुंचे। यहां पर रजिस्ट्रेशन के नाम पर इनसे दो-दो हजार रुपये लिए गए। इसके बाद यहां से इन्हें भजनपुरा दिल्ली और फिर मेरठ भेजा गया। यहां पर भी इनसे रजिस्ट्रेशन के नाम पर हजारों रुपए ऐंठे गए। इसके बाद इन्हें मोहनपुरा कोतवाली रुड़की स्थित कंपनी के कार्यालय भेजा गया। यहां पर करीब 10 दिन तक इन्हें ट्रेनिंग दी जाती रही। युवकों का आरोप है कि यहां पर यह लोग अपने ही खर्चे से खाना पीना कर रहे हैं। आरोप है कि यहां पर उन्हें बताया गया कि उन्हें पतंजलि में नौकरी दिलाई जाएगी। जब युवकों ने नौकरी के बावत पूछा तो उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। आरोप है कि आफिस में तैनात लोग उन्हें बार बार टरकाते रहे। युवकों ने बुधवार को कोतवाली सिविल लाइंस पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है

गर्ल्स पीजी कॉलेज में मनाया हरेला पर्व

रुड़की। मैथोडिस्ट गर्ल्स पीजी कॉलेज में हरेला पर्व के तहत बुधवार को एनएसएस की ओर से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कॉलेज परिसर में फलदार, छायादार और फूलों की विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए। पौधरोपण कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर कॉलेज की प्रबंधक जे सिंह ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे रोपित करने चाहिए। साथ ही दूसरे लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। कॉलेज की प्राचार्या डा. अमिता श्रीवास्तव ने छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी। वहीं एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी नीरा पाहवा ने छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण से भविष्य में होने वाले लाभों के बारे में बताया। साथ ही छात्राओं को भविष्य में भी इसी प्रकार से पौधे रोपित करने का संकल्प दिलाया। जिससे कि हमारे आसपास का वातावरण हरा-भरा बना रहे। इस मौके पर डा. अनुपमा वर्मा, सोनिया भाटिया, डा. पायल अग्रवाल, डा. सलोनी गुप्ता, डा. मीनाक्षी बाला, डा. नीतू, डा. सोनाली सेठी आदि थे।

आचार्य बालकृष्ण लोकमान्य तिलक अवार्ड से सम्मानित

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

हरिद्वार। पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण महाराज को लोकमान्य तिलक अवार्ड-2017 से सम्मानित किया गया। तिलक स्मारक ट्रस्ट, पुणे की ओर से आयोजित एक विशेष समारोह में कल यह पुरस्कार प्रदान किया गया। विविध आयामों से समाज एवं राष्ट्र के गौरव को वैश्विक स्तर पर बढ़ाने हेतु पुरुषार्थरत एवं राष्ट्रनिर्माण के विविध् प्रयोगधर्मी प्रणालियों के प्रति समर्पित व्यक्तित्वों को यह पुरस्कार देने की परम्परा है। आचार्य श्री को यह पुरस्कार उनके आयुर्वेद, राष्ट्रसेवा, स्वदेशी एवं अनुसंधान के बहुआयामी पतंजलि अभियान के माध्यम से देशी चिकित्सा प्रणाली आयुर्वेद एवं देशी बनौषधियों के प्रति चलाये जाने वाले समर्पित जनअभियान तथा स्वदेशी के प्रति जनमानस में जागरूकता लाकर भारत को शीर्ष गौरव दिलाने की दिशा में किये जा रहे पुरुषार्थ के लिए प्रदान किया गया। पुरस्कार समारोह अवसर पर खचाखच भरे हाल में वक्ताओं ने आचार्य श्री के वैश्विक पटल पर भारत को स्थापित करने के संकल्प को सराहा। इस अवसर पर देश के विविध क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों ने राष्ट्र उत्थान के बहुआयामी पहलुओं पर आचार्य जी से विचार मंथन भी किया।